हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 20.6 डिग्री
न्यूनतम 2.1 डिग्री

11 परिवार और सर्वखाप पंचायत ने डीजीपी से ...

12 अलविदा 2025: सड़कों पर बिखरे सपने इस ...


## शहर में आज

- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारी यूनियन की मीटिंग

## खबर संक्षेप

### आज इन इलाकों में बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**रोहतक।** शहर में 11 केवी मॉडल टाउन फीडर पर मेंटेनेंस वर्क, ट्री ब्रांच कटिंग और ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग के कारण सुबह 11:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। इस कारण तिकोना पार्क के आसपास की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। बाकी का मॉडल टाऊन फीडर चलता रहेगा। जनसाधारण से अपील है कि संयम बनाकर रखें और सहयोग करें। मॉडल टाऊन रोहतक के उपमंडल अधिकारी शहरी ने बताया कि इससे कुछ परेशानी हो सकती है, लेकिन लोग परेशान न हों। शाम को बिजली निर्बाध रूप से शुरू कर दी जाएगी।

### एमडीयू: आठ शोधार्थी पीएचडी के पात्र घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने परीक्षकों के बोर्ड और शोध समिति की अनुशंसा पर आठ शोधार्थियों को पीएचडी डिग्री का पात्र घोषित किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि पीएचडी डिग्री के पात्र शोधार्थी हैं। फार्मास्यूटिकल साइंसेज से शिल्पी अरोड़ा और वंदना सिंह आईएचटीएम से राकेश, जूलॉजी से सुप्रिया, राजनीति विज्ञान से ज्योति, इतिहास से कोमल, हिन्दी से प्रियंका तथा गणित से ममता कुमारी।

### गढ़ी सांपला में गली व सड़क पर भरा पानी

**सांपला।** खंड के गांव गढ़ी सांपला में सड़क पर गंदा पानी भर गया। जिसकी वजह से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। परेशान ग्रामीण सोमवार को एसडीएम आंनद उत्सव से मिले और पानी निकासी की मांग की। अधिकारी ने लोगों को समाधान कराने का आश्वासन दिया है। अमित कुमार, कृष्ण कुमार, रामकिशन, अतरसिंह, शेर सिंह, विनोद, प्रकाश ने बताया कि गांव में गंदे पानी की निकासी का उचित प्रबंध नहीं है। पहले एक प्लाट में जाता था। अब प्लाट में बंद करने के बाद गली में फैल रहा है।




### दीक्षांत समारोह के लिए 31 दिसंबर तक पंजीकरण

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने अपने 19वें दीक्षांत समारोह को लेकर विद्यार्थियों और शोधार्थियों को बड़ी राहत देते हुए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 दिसंबर 2025 कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, जो पात्र अभ्यर्थी अब तक किसी कारणवश पंजीकरण नहीं करा सके थे, वे निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि एमडीयू का 19वां दीक्षांत समारोह जनवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा। समारोह की सटीक तिथि, समय, रिहर्सल कार्यक्रम और ड्रेस कोड से संबंधित विस्तृत जानकारी शीघ्र ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सार्वजनिक की जाएगी।

सांपला खंड के गांव हसनगढ़ में दिल दहला देने वाली वारदात से सनसनी

# अधेड़ की तेजधार हथियार से हत्या कर मोटरसाइकिल व मोबाइल ले उड़े लुटेरे

**हसनगढ़ का रहने वाला था गुलाब सिंह दिमाशा अस्पताल के पास हुआ हमला**

*देर रात गुलाब सिंह घर के लिए बाइक पर निकला था सोनीपत झज्जर मार्ग पर चलाते थे ढाबा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांपला

खंड के गांव हसनगढ़ में रविवार देर रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। अज्ञात लुटेरों ने लूट के इरादे से एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति पर तेजधार हथियार से हमला कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मृतक की बाइक और मोबाइल फोन लूटकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद गांव हसनगढ़ सहित आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बना हुआ है। मृतक की पहचान गांव हसनगढ़ निवासी 55 वर्षीय गुलाब सिंह के रूप में हुई है। गुलाब सिंह के बेटे देवेंद्र ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनका सोनीपत-झज्जर मार्ग पर गांव के नजदीक एक ढाबा है। दिन के समय ढाबे का संचालन देवेंद्र स्वयं करता है, जबकि रात के समय उनके पिता गुलाब सिंह बाइक से ढाबे पर आते-जाते थे और निगरानी रखते थे। यह उनका रोजमर्रा का काम था। देवेंद्र के अनुसार रविवार रात उनके पिता तय समय पर ढाबे पर नहीं पहुंचे। पहले तो उन्होंने सोचा कि किसी कारणवश देर हो रही होगी, लेकिन जब काफी समय बीत जाने के बाद भी पिता नहीं आए तो उन्होंने फोन पर संपर्क करने की कोशिश की। कई बार कॉल करने के बावजूद मोबाइल फोन बंद मिला। इससे देवेंद्र को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने ढाबे पर काम करने वाले एक कर्मचारी को साथ लिया और अपने पिता की तलाश में गांव की ओर निकल पड़े।




**सांपला।** पुलिस थाना की फाइल फोटो।

### की जा रही है जांच

हसनगढ़ निवासी गुलाब सिंह की हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। आरोपियों के बारे में अभी कोई सुराग नहीं मिला है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। **-पंकज कुमार, सांपला थाना प्रभारी**

### सीसीटीवी खंगालेंगे

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर इस जघन्य वारदात का खुलासा किया जाएगा। वहीं, ग्रामीणों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### सड़क पर खून से लथपत मिले पिता

कुछ दूरी पर सड़क किनारे उन्होंने अपने पिता गुलाब सिंह को खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा। उनके गले और दाहिने हाथ पर तेजधार हथियार से किए गए गहरे घाव थे। यह दृश्य देखकर देवेंद्र और उनके साथियों के होश उड़ गए। उन्होंने बिना समय गंवाए गुलाब सिंह को कार में डालकर सोनीपत जिले के कस्बा खरखोदा स्थित सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद गुलाब सिंह को मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की

घटना की सूचना मिलते ही सांपला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान यह सामने आया कि मृतक की बाइक और मोबाइल फोन मौके से गायब थे। इससे पुलिस को आशंका है कि बदमाशों ने लूट के इरादे से गुलाब सिंह पर हमला किया और विरोध करने पर उनकी हत्या कर दी। पूरे मामले में पुलिस के हाथ अभी खाली है। परिवार वालों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### अज्ञात पर हत्या व लूट का मामला दर्ज

पुलिस ने मृतक के बेटे देवेंद्र के बयान के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या व लूट का मामला दर्ज कर लिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया गया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे हत्या के तरीके और समय को लेकर और जानकारी मिल सकेगी।

हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद से सम्मान

## मदवि को एनईपी 2020 इम्प्लीमेंटेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक


शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा द्वारा सम्मान प्रदान किया गया

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी -2020) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा एमडीयू को "एनईपी 2020 इम्प्लीमेंटेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2025" से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान "स्वर्ण (गोल्ड) श्रेणी" के अंतर्गत प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार सोमवार को आयोजित समारोह में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) राज नेहरू, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के चेयरपर्सन के.सी. शर्मा सहित उच्च शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद ने हरियाणा के उच्च शिक्षा परिदृश्य में एनईपी-2020 के सफल क्रियान्वयन हेतु उत्कृष्ट प्रतिबद्धता एवं नवाचार पूर्ण प्रथाओं के लिए एमडीयू को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि टीम एमडीयू की सामूहिक मेहनत का परिणाम है।

## भैणीचंद्रपाल गांव में युवक के साथ मारपीट, दो पर केस दर्ज

**धर्मांतरण की आशंका के चलते निगरानी कर रहा था युवक**

**महम।** भैणीचंद्रपाल गांव में एक युवक को धर्मांतरण के मामले की निगरानी करना भारी पड़ गया। गांव के दो युवकों ने उसके माथे पर पिस्तोल तान दी और उसके साथ जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान युवक के पैर में फ्रैक्चर हो गया। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में भैणीचंद्रपाल गांव निवासी मोहित पुत्र कुलदीप ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसके गांव में अवैध धर्मांतरण वाले लोग सक्रिय हैं। इस बात का खुलासा तब हुआ जब वे लोग गांव में चर्च के लिए जमीन ढूंढ रहे थे। मोहित का कहना है कि उसके पारिवारिक भाई प्रवेश कुमार पुत्र राज सिंह दिल्ली में विश्व हिंदू परिषद् शाखा के केंद्रीय कार्यालय में धर्म प्रसार विंग में ट्रस्टी हैं। उसने बताया था कि गांव में वीरवार व शुक्रवार को मौलवी आता है। इसी तरह ईसाई समाज के लोग भी शनिवार व रविवार को गांव में आते हैं। वे लोगों को रोजगार व पैसे का लालच देते हैं और लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए योजना बना रहे हैं।

*वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित*

## 8 शिक्षण संस्थानों के 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

वैश्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा कॉलेज परिसर में भव्य पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस ड्राइव में यूआईईटी, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, मेरी कॉलेज सांपला, महाराजा अग्रसेन कॉलेज रोहिणी (नई दिल्ली) सहित 8 शिक्षण संस्थानों के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्लेसमेंट ड्राइव में वरेसी कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड और सनकनेक्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता की। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, तकनीकी साक्षात्कार और व्यक्तिगत साक्षात्कार के चरण शामिल रहे। बी.टेक (कंप्यूटर साइंस व इलेक्ट्रिकल), बीबीए और बीसीए के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चयनित छात्रों को 6.5 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक के आकर्षक पैकेज की पेशकश की गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. दीपक गोयल ने कहा कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है।



*अधिकारी आमजन की शिकायतों पर की गई कार्रवाई का विवरण करें प्रस्तुत: डीसी*

## शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने समाधान शिविर में आने वाली आमजन की शिकायतों पर विभिन्न विभागों द्वारा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का पूरा विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। अधिकारी गंभीरता को समझते हुए हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। सचिन गुप्ता आज स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतों का निपटारा कर रहे थे। सचिन गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविरों में बहुत सी शिकायतें ऐसी भी आ जाती है, जो विकास कार्यों की मांग पर आधारित होती है या फिर तकनीकी रूप से ऐसी शिकायतों पर कार्रवाई संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसी सभी शिकायतों का विवरण बुधवार तक प्रेषित किया जाए।



**रोहतक।** लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतों का निपटारा करते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

50वीं सब जूनियर एवं जूनियर नेशनल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप

## हरियाणा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

50वीं सब जूनियर एवं जूनियर नेशनल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप–2025 में योग में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता रांची (झारखंड) स्थित रतनलाल जैन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड स्टेट योगा एसोसिएशन द्वारा योग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में किया गया है। हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन के मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ. जनक राज ने बताया कि प्रतियोगिता में हरियाणा के योग खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल राउंड में प्रवेश कर प्रदेश का मान बढ़ाया है। 8 से 10 वर्ष (लड़के) वर्ग में पार्थ, 8 से 10 वर्ष (लड़कियां) वर्ग में रीना, 10 से 12 वर्ष (लड़कियां) ट्रेडिशनल इवेंट में वंशिका रानी, 10 से 12 वर्ष (लड़के) वर्ग में अभिनव, 12 से 14 वर्ष (लड़कियां) ट्रेडिशनल इवेंट में पारिशा तथा 14 से 16 वर्ष (लड़कियां) ट्रेडिशनल इवेंट में नव्या ने फाइनल राउंड में स्थान सुनिश्चित किया है। डॉ. जनक राज ने बताया कि निरंतर अभ्यास, तकनीकी दक्षता और संतुलित प्रस्तुति के आधार पर ये सभी खिलाड़ी पदक के प्रबल दावेदार हैं। हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन की अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार तथा कोच दीपा दीक्षित, पवन शर्मा, ईश्वर सिंह, विनीता नंदवानी और आनंद कुमार ने खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुए मेडल जीतने की शुभकामनाएं दीं।



### वैश्य महाविद्यालय में परिणाम आधारित शिक्षा पर व्याख्यान आयोजित

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय ने यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर के सहयोग से परिणाम-आधारित शिक्षा पर एक ऑनलाइन अल्पकालिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत शैक्षिक परिणामों का पुनर्परिभाषण नीडोनॉमिक्स-प्रेरित ओबीई ढांचा विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस अवसर पर नीडोनॉमिक्स स्कूल ऑफ थॉट के प्रवर्तक, पूर्व कुलपति एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर मदन मोहन गोयल मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. संगीता गुप्ता द्वारा किया गया तथा अध्यक्षता डॉ. शफाली नागपाल, निदेशक, एमएमटीटीसी ने की। स्वागत संबोधन में डॉ. संगीता गुप्ता ने प्रो. गोयल की शैक्षणिक उपलब्धियों एवं उनके नीडोनॉमिक्स दर्शन पर प्रकाश डाला। प्रो. गोयल ने कहा कि परिणाम-आधारित शिक्षा इस बात पर केंद्रित होती है कि शिक्षार्थी शिक्षा के उपरांत क्या जानते हैं।

### भैणी सुरजन ग्राम पंचायत ने उपायुक्त सचिन गुप्ता को किया सम्मानित



**रोहतक।** डीसी सचिन गुप्ता व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल को सम्मानित करते ग्राम पंचायत भैणी सुरजन।

**रोहतक।** जिला के महम खंड की ग्राम पंचायत भैणी सुरजन ने उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर गांव की संपूर्ण कृषि भूमि से समय पर जल निकासी करवाकर हर खेत में गेहूं बिजाई के उनके आश्वासन को पूरा करने पर उपायुक्त सचिन गुप्ता को सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल को भी सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में गांव के सरपंच अमित कुमार, पंच धर्मबीर व अन्य पंच शामिल थे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने वर्षा ऋतु के दौरान जिला के जलभराव से प्रभावित गांवों का कई बार अधिकारियों की टीम के साथ स्वयं दौरा कर जल निकासी के कार्यों का जायजा लिया था। सचिन गुप्ता ने भैणी सुरजन गांव पहुंचकर भी पंचायत सदस्यों व ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि जिला प्रशासन द्वारा आबादी व कृषि भूमि से यथाशीघ्र जल निकासी का कार्य पूर्ण किया जायेगा तथा गांव के हर खेत में गेहूं की बिजाई करवाई जायेगी। भैणी सुरजन जिला के उन गांवों में शामिल रहा है, जहां पर गत वर्षा ऋतु के दौरान सर्वाधिक जलभराव हुआ था। जिला प्रशासन द्वारा किए गए जल निकासी की बेहतर प्रबंधों से यह संभव हो पाया कि गांव के हर खेत में किसान गेहूं की बिजाई कर सके।

**मौसम** जनजीवन बुरी तरह प्रभावित, अभी नहीं मिलेगी राहत

## घना कोहरा बना आफत, दृश्यता 5 मीटर से कम रही, सड़कों पर वाहन रेंगकर चले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सोमवार रात को ठंड के साथ-साथ घने कोहरे ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। देर रात अचानक कोहरा इतना घना हो गया कि सड़कों पर दृश्यता घटकर 5 मीटर से भी कम रही। हालात ऐसे हो गए कि वाहन चालकों को सामने का रास्ता देखना भी मुश्किल हो गया। मजबूरी में लोगों को अपने वाहन बेहद धीमी गति से चलाने पड़े और अधिकतर जगहों पर वाहनों की रफ्तार 10 किलोमीटर प्रति घंटा से भी कम रही।

शहर के भीतर मुख्य सड़कों पर वाहन चालकों ने हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर धीरे-धीरे सफर तय किया, लेकिन इसके बावजूद डर और असमंजस का माहौल बना रहा। कई स्थानों पर वाहन रेंगते नजर आए। वहीं आउटर साइड की स्थिति और भी ज्यादा खराब रही। हाईवे और शहर के बाहरी इलाकों में कोहरा इतना घना था कि वाहन चालकों के लिए गाड़ी चलाना लगभग असंभव हो गया। आउटर एरिया में चल रहे ट्रक, बसें और निजी वाहन चालकों को मजबूरी में अपने वाहन सड़क किनारे ढाबों, पेट्रोल पंपों या सुरक्षित स्थानों पर खड़े करने पड़े।



**रोहतक।** घने कोहरे में लाइट जलाकर जाते वाहन। फोटो: हरिभूमि

कई चालकों ने बताया कि सामने कुछ भी नजर न आने के कारण आगे बढ़ना जोखिम भरा हो गया था। ऐसे में उन्होंने जान-माल की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यात्रा रोक दी। घने कोहरे के कारण देर रात और तड़के यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही। हालांकि किसी बड़े हादसे की सूचना नहीं मिली, लेकिन प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस की ओर से वाहन चालकों को सावधानी बरतने की अपील की गई। विशेषज्ञों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक ठंड और कोहरे का प्रकोप जारी रह सकता है। ऐसे में वाहन चालकों को जरूरी होने पर ही यात्रा करने, फॉग लाइट का प्रयोग करने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है।

हरिभूमि
# सहेली

नव-वर्ष विशेष 2026



# स्त्री की संपन्न दृष्टि वाला नया साल

नव-वर्ष का आगमन.. नई आशाओं का सवेरा, भीतर नई ऊर्जा का संचार। इससे भला स्त्रियां कैसे अछूती रहेंगी। इनके लिए नूतन वर्ष नए अर्थ लिए आता है। वे ऐसे धरातल तैयार करती हैं, जिसमें स्त्री की अपनी संपन्न दृष्टि हो, उनकी अस्मिता हो, उनका आत्म-सम्मान हो।

आवरण कथा

कल्पना मनोरमा, साहित्यकार



नया साल कोई हिसाब नहीं, बल्कि समय की वह दहलीज है, जहां प्रकृति स्वयं पुराना उतारकर नए के प्रति आकर्षित होकर उसकी ओर बढ़ती है। पेड़ अपने गिरे पत्ते नहीं चुनते। नदियां पीछे छूटे मोड़ों को नहीं गिनतीं। वे तो नए उत्साह में प्रवाह में बने रहना जानती हैं। प्रकृति का हर नया चक्र यह सिखाता है कि नया आना कोई घटना नहीं, बल्कि एक स्वाभाविक आग्रह है। जीवन की जिद, जो बिना शोर किए आगे बढ़ती रहती है। इसी आग्रह के साथ नया साल आता है। वह एक संभावना की तरह उपस्थित होता है, जिसमें पुराना स्वतः पीछे छूटने लगता है। यह समय स्मृतियों का बोझ ढोने के लिए नहीं, बल्कि चयन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। क्या साथ रखना है और क्या छोड़ देना है।

**वर्तमान को खोलें नए अर्थों के लिएः** नया साल हमें यह अनुमति देता है कि हम कष्टकारी अनुभवों पर मिट्टी डालें और वर्तमान को नए अर्थों के लिए खोलें। यहीं से स्त्री की संपन्न दृष्टि आकार लेती है। वह इस प्राकृतिक आग्रह को पहचानती है। उसकी उमंग किसी प्रतिरोध से नहीं, बल्कि जीवन की उसी सहज गति से जन्म लेती है, जो हर मौसम को बदलने का साहस देती है। स्त्री जानती है कि आगे बढ़ने के लिए कठोर होना जरूरी नहीं, कभी-कभी भरोसा ही सबसे बड़ी शक्ति बन जाता है, इस बात पर कि जीवन की संभावना अब भी शेष है।

**नए साल में तैयार होते हैं नए धरातलः** स्त्री बीते साल से कुछ अनुभव, कुछ चोटें, कुछ सीखें लेकर अपने नए साल का धरातल तैयार करती है। लेकिन अब नए जमाने की स्त्री, पुराने को सहेजकर नहीं रखती। जो कष्टकारी था, उसे भूलने का संकल्प भी उसकी संपन्न दृष्टि का ही हिस्सा है। भूलना यहां पलायन नहीं है, बल्कि चयन है। वह जानती है कि हर याद को सहेजना आवश्यक नहीं। कुछ स्मृतियों को छोड़ देना ही आगे बढ़ने की शर्त बन जाता है। इसलिए नया साल उसके लिए प्रार्थना से ज्यादा, क्षमा करने का अभ्यास भी बन जाता है।

**विनम्र भाव से नए साल का करें स्वागतः** आज की पढ़ी-लिखी सचेत स्त्री अपने आपको यह अनुमति देती है कि जो अधूरा रह गया, उसे अपराधबोध में बदलने की बजाय सीख में बदले। नए के लिए स्त्री की विनम्रता उल्लेखनीय होती है। यह विनम्रता आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि जीवन के प्रति खुलापन है। वह यह स्वीकार करती है कि सब कुछ उसके नियंत्रण में नहीं होगा, फिर भी वह प्रयास से पीछे नहीं हटती। इस विनम्रता में अहंकार का त्याग है, पर आत्मसम्मान की कमी नहीं।



स्त्री नए साल से अपेक्षाएं रखती है, पर उन्हें आदेश की तरह नहीं, संवाद की तरह रखती है। जैसे जीवन से कह रही हो, 'मैं तैयार हूं, तुम जो भी लाओगे, मैं सीखते हुए स्वीकार करूंगी।'

**भीतर से सजने-संवरने का अवसरः** नया साल स्त्री को अपने आप को सजाने-संवारने की ओर भी उन्मुख करता है। यह सजना केवल बाहरी नहीं होता। हालांकि वह कपड़ों, रंगों और आईने के सामने खड़े होने के छोटे-छोटे उत्सवों को भी महत्व देती है, लेकिन असली साज-संवार भीतर की होती है। विचारों की, इच्छाओं की और उस आत्मविश्वास की, जो समय के साथ परिपक्व हुआ है। वह अपने चेहरे पर उम्र की रेखाओं को अस्वीकार नहीं करती। बल्कि वह उन्हें अनुभव का मानचित्र मानती है। सजना उसके लिए स्वयं को स्वीकार करने की प्रक्रिया है, न कि किसी मानक में ढलने की कोशिश या किसी तारीफ पाने का उपक्रम।

**कुछ नया हासिल करने की ताकत रखती है स्त्रीः** स्त्री की जिद भी साधारण नहीं होती। वह कुछ नया हासिल करने की ताकत रखती है। यह बात उम्र के साथ बदलते हुए सालों में और स्पष्ट हो जाती है। यह जिद नौकरी, लेखन, अध्ययन, कला या किसी भी व्यक्तिगत लक्ष्य में भी प्रकट हो सकती है। स्त्री बड़े घोषणापत्र नहीं बनाती। वह रोजमर्रा के निर्णयों में अपने संकल्प को जीती है। समय पर 'नहीं' कहना, अपने श्रम की कीमत मांगना, अपनी रुचियों के लिए, समय निकालना। ये सब उसकी उपलब्धियां हैं। स्वयं को अनदेखा न करना स्त्री सीख रही है।

**शांत मन से प्रसन्नता की पुनर्खोजः** स्त्री के भीतर प्रसन्नता की पुनर्खोज जारी है। जो बदलते हुए सालों में उजागर होती है। बदलाव की यह प्रसन्नता शोरगुल वाली नहीं होती। पुराने साल की थकान को पीछे छोड़ते हुए, स्त्री नया साल उम्मीद के साथ देखती है। वह जानती है कि चुनौतियां फिर आएंगी, पर वह उनसे डरकर नहीं, तैयारी के साथ मिलती है। उसकी संपन्न दृष्टि उसे यह सिखाती है कि हर संकट स्थायी नहीं होता, और हर बदलाव में संभावना छिपी होती है। वह अब स्वयं को पीड़िता की भूमिका में सीमित नहीं करती। वह कर्ता बनकर आगे बढ़ती है। अपने जीवन की, अपने निर्णयों की साक्षी बनती है।

**स्त्री के आत्म-सम्मान का उत्सव नया सालः** अंततः स्त्री की संपन्न दृष्टि वाला नया साल आत्म-सम्मान का उत्सव कहलाता है। यह उस स्त्री का साल है, जो अपने अतीत से सीखती है। वर्तमान में सजग रहती है और भविष्य के लिए विनम्र आशा रखती है। वह अपने बच्चों के लिए आशीष बनती है और स्वयं के लिए हमदर्द भी। वह सजती है, संवरती है, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज वह अपने भीतर की रोशनी को पहचानने लगी है।

**समय का बदलना भर नहीं है नव वर्षः** स्त्री हर पतझड़ के बाद अपने भीतर वसंत को पुनः जी उठती है, टूटकर भी खिल जाना ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। नया साल उसके लिए समय का बदलना भर नहीं है। यह अपने आप से किया गया एक शांत, दृढ़ वादा है कि वह जीवन को पूरी उपस्थिति के साथ जिएगी, और हर दिन को अपनी संपन्न दृष्टि से नया अर्थ देगी। और यह बात वह किसी और से नहीं, सबसे पहले अपनी संतति से बार-बार कहेगी। धीरे-धीरे ही सही, दुनिया बदलती जाएगी। खूबसूरत होती जाएगी।

अस्तु..।



## बच्चों के प्रति सद्भावनाओं का विस्तार

**स्त्री की** संपन्न दृष्टि बच्चों तक स्वतः पहुंचती है। नया साल उसके लिए बच्चों के प्रति सद्भावनाओं का विस्तार है। उनके लिए सुरक्षित आकाश, निर्भय प्रश्न और सहज हंसी की कामना है। वह चाहती है कि बच्चे केवल सफल न हों, बल्कि संवेदनशील भी हों। केवल तेज न हों, बल्कि करुणामय भी हों। वह जानती है कि बच्चों की खुशी उसकी अपनी खुशी से अलग नहीं है, लेकिन वह यह भी सीख चुकी है कि बच्चों के नाम पर स्वयं को मिटा देना आवश्यक नहीं। इसलिए वह उनके साथ-साथ अपने लिए भी जगह बनाती है। वह अपने सपनों के लिए सचेत होती है।

# बच्चों के लिए स्पेशल बनाएं न्यू ईयर

नए साल का इंतजार और उसका स्वागत बच्चे भी भरपूर उत्साह से करते हैं। आप उनके लिए न्यू ईयर सेलिब्रेशन और आने वाले साल को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। इसके लिए आप यहां बताए जा रहे सजेशंस को फॉलो कर सकती हैं।

बच्चे और आप

नृपेंद्र अभिषेक नृप



नव वर्ष के स्वागत का उत्सव, बच्चों के लिए न केवल मौज-मस्ती और खेलने-कूदने का अवसर होता है, बल्कि उनके विकास, शिक्षा और नैतिक मूल्यों में सुधार, उनको नई दिशा देने, नई शुरुआत करने का भी समय हो सकता है।

**किताब पढ़ने को करें प्रेरितः** नव वर्ष के अवसर पर आप अपने बच्चों को उपहार के रूप में किताबें दे सकती हैं। प्रेरणादायक कहानियों, ऐतिहासिक घटनाओं और नैतिक मूल्यों पर आधारित किताबें बच्चों में ज्ञान और रचनात्मकता का संचार करती हैं। यही नहीं अगर उनके साथ आप किताबें पढ़ें तो उनमें पढ़ने की रुचि और बढ़ेगी।

**खेलें आउटडोर गेम्सः** आजकल अधिकतर बच्चे फिजिकल एक्टिविटीज और आउटडोर खेलों से दूर हो रहे हैं। इससे उनमें कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। ऐसे में नए साल में आप स्वयं बच्चों के साथ खेलते हुए उन्हें आउटडोर गेम्स खेलने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। इससे उनमें ऊर्जा-उत्साह बना रहेगा। बैडमिंटन, क्रिकेट या फुटबॉल जैसे खेलों के माध्यम से न केवल उनका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि टीम भावना, नेतृत्व क्षमता का भी विकास होगा।



**टैलेंट को उभारेंः** नव वर्ष के अवसर पर बच्चों के लिए नृत्य, गायन या ड्रामा आयोजित किए जा सकते हैं। यह न केवल उनके टैलेंट को सामने लाने का माध्यम बनेगा, बल्कि आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा। उनके टैलेंट को पहचानकर आने वाले साल में उनको और प्रोत्साहित करें।

**पिकनिक-ट्रैवलिंगः** न्यू ईयर सेलिब्रेशन के तौर पर बच्चों को नेचर के करीब या चिड़ियाघर या ऐतिहासिक स्मारकों के पास घुमाने ले जा सकती हैं। आप आने वाले साल में भी जब मौका मिले, अपने बच्चों को ऐसी जगहों पर घुमाने जरूर ले जाएं। ऐसा करना न केवल उनके ज्ञान को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें प्रकृति और इतिहास के महत्व को समझने का अवसर भी देगा।

**सोशल वर्कः** बच्चों को दूसरों की हेल्प और सोशल वर्क के लिए प्रेरित करने की शुरुआत भी नए साल पर की जा सकती है। जरूरतमंद बच्चों को पुराने कपड़े, खिलौने और किताबें दान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। यह उन्हें दूसरों के प्रति सहानुभूति और मदद का भाव सिखाने में बहुत सहायक साबित होगा।

**पर्यावरण के प्रति जागरूकताः** नए वर्ष पर आप अपने बच्चों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। नव वर्ष स्वागत कार्यक्रम के अवसर पर 'हर बच्चे के लिए एक पौधा' जैसे कार्यक्रम बच्चों को रुचिकर लगेंगे। ऐसी गतिविधि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व को सिखाएगी।

**स्वच्छता अभियानः** बच्चों को अपने आस-पास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाने के साथ-साथ उनके अंदर जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करेंगी।

**योग-व्यायामः** बच्चों के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए योग और व्यायाम वर्कशॉप आयोजित करना कारगर होगा। नव वर्ष की पहली सुबह इसके माध्यम से आप बच्चों को पूरे साल स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

नव वर्ष हमें यह अवसर देता है कि बीते वर्ष में हुई गलतियों को सुधार कर, प्रयासों में रह गई कमी को पहचान कर और सोच में समाई नकारात्मकता को दूर कर हम नई उमंग, नए उत्साह और सकारात्मकता के साथ जीवन में आगे कदम बढ़ाएं। इसके लिए अपनी जीवनशैली और सोच में हमें कुछ परिवर्तन करने होंगे।

# सकारात्मकता के साथ नव वर्ष में करें प्रवेश

जीवनशैली

डॉ. मोनिका शर्मा



नया साल, उम्मीदों और उमंगों की पोटली लेकर आता है। साथ ही नई शुरुआत का हौसला भी लाता है। नव वर्ष, कुछ नए कदम बढ़ाने का मुफीद मौका भी होता है। ऐसे में कुछ छोटे-छोटे बदलावों से हमारी जिंदगी पहले से खूबसूरत बन सकती है।

**बढ़ाएं मेल-जोलः** रिश्ते करीबी हों या दूर के, आज के दौर में लोगों का आपसी मेल-जोल कम ही होता है। यहां तक कि एक ही छत के नीचे रहने वाले लोगों में भी दूरियां आ रही हैं। ऐसे में आने वाले साल में अपनों के साथ मेल-जोल बढ़ाने की सकारात्मक शुरुआत कीजिए। यह समय रहते समझिए कि रिश्तों में जुड़ाव के लिए समय निकालना जरूरी है। वरना एक समय ऐसा भी आता है, जब इंसान के पास समय तो होता है पर रिश्ते कहीं पीछे छूट जाते हैं। अब तो करीबी रिश्तों से लेकर आस-पड़ोस तक मेल-जोल की प्रवृत्ति नहीं दिखती, जबकि यही आपसी जुड़ाव हमारी संस्कृति की पहचान रही है। इस साल जिंदगी की भागम-भाग से कुछ लम्हे रिश्तों को सींचने-सहेजने के लिए निकालिए। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार मजबूत सामाजिक संबंधों वाले लोगों के लंबे समय तक जीवित रहने की संभावना, उन लोगों की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक होती है, जिनके सामाजिक संबंध कम होते हैं। साथ ही स्ट्रेस में कमी, बेहतर मनोदशा, क्रॉनिक डिजीज के जोखिम में कमी और क्वालिटी लाइफ जैसे लाभ तो मिलते ही हैं। ऐसे में बढ़ती सामाजिक-पारिवारिक दूरियों के इस दौर में मिल-जुलकर बैठने-बतियाने के लिए फुर्सत निकालने का रेजोल्यूशन जरूर कीजिए।

**भुलाएं बीती बातेंः** बीती कड़वी बातों को भुलाना, रिश्तों में नया रंग भरने की एक खूबसूरत शुरुआत हो सकती है। कई बार रिश्तों में अनबन हो जाती है। ना चाहते हुए भी दूरियां आ जाती हैं। लेकिन जिंदगी इतनी बड़ी नहीं होती कि ऐसे तकलीफदेह वाकयों को हमेशा के लिए रिश्तों में दर्द और दुःख की वजह बना दिया जाए। बीते कल की बातों को भूलना इसीलिए भी अहम है कि समय के साथ संबंधों में आए बदलावों को समझने और साथ चलने के लिए यही पहला कदम है।

**मिलकर खुशियां मनाएंः** साझी खुशियों को जीते हुए रिश्तों में दोबारा नयापन लाया जा सकता है। इतना ही नहीं खुशनुमा साथ, बिखरे रिश्तों को भी जोड़ सकता है। एनर्जी से भरपूर और उत्साहित महसूस करने के लिए साझेपन का भाव जरूरी है। हर वर्ष आने वाली वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में शेयर्ड हैप्पीनेस एक अहम फैक्टर होता है। किसी भी देश के लोगों का एक-दूसरे के लिए हेल्पफुल होना, मिल-बांटकर रहना हैप्पीनेस का एक महत्वपूर्ण पहलू बनकर सामने आता है। ऐसे में नए साल में तय कीजिए कि आप अपनों के साथ मिलकर खुशियां मनाएंगी।



## सेहत संवारिए

'अच्छा स्वास्थ्य, अंदरूनी शक्ति, शांत मन और आत्मविश्वास लाता है, जो बहुत महत्वपूर्ण है।' यह कहना है दलाई लामा का। जीवन से जुड़े हर भाव को खुशनुमा ढंग से जीने के लिए अच्छी हेल्थ सबसे जरूरी है। कहते भी हैं कि जिंदगी जीने में और स्वस्थ जिंदगी जीने में बहुत फर्क होता है। आजकल मोटापा, हृदय रोग, किडनी से जुड़ी समस्याएं और कैंसर जैसी व्याधियां कम उम्र में ही देखने को मिल रही हैं। ऐसे में समय पर सेहत से जुड़ी परेशानी को लेकर सतर्क होना जरूरी है। शारीरिक सक्रियता और मानसिक शांति का मेल स्वस्थ जीवन की बुनियाद है। इन संकल्पों के साथ नए वर्ष में प्रवेश करें तो निश्चित ही यह वर्ष हर मायने में खुशहाल होगा।

# न्यू ईयर पार्टी के लिए पाएं न्यू मेकअप लुक

मेकअप

निकिता चौहान

नए साल के आने की खुशी में लोग पार्टी खूब एंज्वॉय करते हैं। आप भी ऐसी किसी पार्टी में जरूर शामिल होंगी। पार्टी में अट्रैक्टिव दिखने के लिए डिजाइनर आउटफिट के साथ आपका फेस लुक भी ग्लोरियस होना चाहिए। इस के लिए आपको अपने मेकअप लुक पर पूरा ध्यान देना होगा।

**सबसे पहले बेस बनाएंः** मेकअप करने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि आपके फेस पर नमी न रहे। इसके लिए टिशू पेपर या वेट वाइप्स से अच्छे से फेस क्लीन करें। फेस को नमी देने के लिए अच्छा-सा मॉयश्चराइजर लगाएं। अपने मेकअप को ज्यादा देर तक रखने और फेस को स्मूथ बनाने के लिए प्राइमर लगाएं। इसके बाद अपनी स्किन के कलर के अनुसार फाउंडेशन लगाएं। आंखों के डार्क सर्कल्स, फेस पिगमेंटेशन और दाग-धब्बों को कवर करने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल करें। इन स्टेप्स से आपका बेस मेकअप परफेक्ट और पूरी तरह नेचुरल लगेगा।



**ऐसे करें आई मेकअपः** हमारे ओवर ऑल लुक को कंप्लीट करने के लिए आंखों का मेकअप परफेक्ट होना जरूरी है। न्यू ईयर पार्टी के लिए ब्लैक या सिल्वर स्मोकी आई लुक बहुत स्टाइलिश लगेगा। अगर आप हल्का शिमर चाहती हैं तो गोल्ड, सिल्वर या शिमरी आईशैडो लगाएं। विंग्ड आई लुक पाने के लिए आईलाइनर का इस्तेमाल करें। यह आपकी आंखों को अट्रैक्टिव बनाएगा। सबसे आखिरी में मस्कारा लगाकर अपनी आई लैशेस को वॉल्यूम दें। यह आपकी आई लैशेज को घना दिखाएगा।

**हाइलाइटर लगाएंः** आई मेकअप के बाद आप अपने हाइलाइट पॉइंट्स पर हाइलाइटर जरूर लगाएं। हाइलाइटर आपके फेस को ग्लोइंग लुक देता है। ध्यान रखें कि हाइलाइटर को चीक बोन, नोज की टिप और आईब्रो के नीचे के हिस्से पर लगाएं।

**ब्लश है जरूरीः** ब्लश आपकी स्किन को नेचुरल लुक देता है। ब्लश से पूरा मेकअप लुक कंप्लीट होता है। आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से ब्लश चूज करें। इस बात का ध्यान जरूर रखें कि ब्लश को ज्यादा डार्क न लगाएं। ब्लश को लगाते समय हल्के हाथों से लगाएं, इससे आपका ब्लश डार्क नहीं होगा और यह नेचुरल लगेगा।

**लगाएं न्यूड लिपस्टिकः** लिपस्टिक लगाने से पहले ध्यान रखें कि लिप्स पर आउटलाइन करने के लिए लिप लाइनर का इस्तेमाल करें। आजकल न्यूड लिपस्टिक का ट्रेंड बहुत है। अपने स्किन टोन के हिसाब से लिपस्टिक का प्रयोग करें।

**मेकअप सेटिंग स्प्रेः** अपने मेकअप को लंबे समय तक सेट रखने के लिए मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें। मेकअप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करके आप अपने न्यू ईयर पार्टी लुक को लंबे समय तक बनाए रख सकती हैं, जिससे आपका मेकअप काफी देर तक ताजगी से भरा दिखेगा।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट तरन्नुम खान से बातचीत पर आधारित)**


भावनाएं

# नूतन वर्ष नए सपने-नई उम्मीदें

नए साल में हम नई आशा के साथ नई योजनाएं बनाते हैं ताकि अपनी पहचान को बढ़ाएं। **सहेली** ने अपने-अपने क्षेत्र की कई जानी-मानी महिलाओं से पूछा कि वे नए साल के आगमन को कैसे देखती हैं, बीता साल उनके लिए कैसा रहा और नए साल में उनकी क्या योजनाएं हैं?

## नया साल याद दिलाता है हर सुबह खुद में बदलाव लाने का मौका देती है

रीता गंगवानी, ग्रूमिंग एक्सपर्ट



**मेरे लिए** नया साल शोर-शराबे का उत्सव नहीं, बल्कि ठहरकर सोचने का अवसर है। यह वह समय होता है, जब मैं खुद से पूछती हूं कि मैंने बीते साल में क्या सीखा, क्या छोड़ा और क्या-क्या समझा? मैं नए साल का स्वागत आभार और एक स्पष्टता के साथ करती हूं। पुरानी थकान को पीछे रखकर, जीवन को थोड़ा और समझदारी से जीने का संकल्प लेकर आगे बढ़ती हूं। मेरे लिए नया साल यह याद दिलाता है कि हर सुबह खुद में बदलाव लाने का मौका देती है। बीते साल की बात करूं, तो उसे किसी एक उपलब्धि या घटना से नहीं, बल्कि अपने भीतर आए बदलाव से याद रखूंगी। यह साल मुझे सिखा गया कि हर बात पर प्रतिक्रिया देना जरूरी नहीं और खुद को समझना भी एक बड़ी उपलब्धि है। मैंने इस साल धैर्य स्वीकार कर आत्मसम्मान का अर्थ थोड़ा और गहराई से समझा। यही मेरे लिए इस साल की सबसे यादगार सीख है। नए साल में मेरा संकल्प है-खुद के साथ समझौता नहीं करना। मैं अब दूसरों की अपेक्षाओं के अनुसार खुद को छोटा नहीं करूंगी और न ही अपनी सीमाओं के लिए कोई सफाई दूंगी। मेरा लक्ष्य है, जीवन को तेज नहीं, बल्कि सार्थक बनाना। कम काम करना है, पूरे मन से करना। कम लोगों से जुड़ना है, लेकिन सच्चे रिश्ते बनाना है। मैं चाहती हूं कि जब यह साल खत्म हो, तो मैं यह कह सकूं कि मैंने अपने सच के साथ ईमानदारी बरती।

## नए साल में हम नई उमंग के साथ नए अवसर तलाशते हैं : सेजल शाह, एक्ट्रेस



**इन दिनों** सेजल शाह सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में मधुमिता माहेश्वरी का रोल निभा रही हैं। उनके लिए नया साल एक नई शुरुआत का प्रतीक है। सेजल कहती हैं, 'जो बीत गया, उसे पीछे छोड़कर नए साल में हम नई उमंग के साथ नए अवसर तलाशते हैं ताकि हम आगे बढ़ें, तरक्की करें। नए साल में मेरी सबसे पहले यही कोशिश होगी, अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दूं। अपने खान-पान के प्रति सजग रहूं। बाहर का न खाऊं और अधिक से अधिक घर का पौष्टिक भोजन करूं। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद खुद के लिए समय निकालकर नियमित व्यायाम करूं। इन दिनों स्वास्थ्य को लेकर मैं बहुत ज्यादा सतर्क हूं, क्योंकि हाल ही में मेरे पति को ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। इसने मुझे एहसास दिलाया कि गलत खान-पान और अव्यवस्थित जीवनशैली किस तरह हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। नए साल में मेरा संकल्प है, मैं अपनी दिनचर्या और स्वास्थ्य पर पहले से कहीं ज्यादा ध्यान दूंगी। जहां तक मेरे काम का सवाल है, तो इस मोर्चे पर मैं खुद को खुशनसीब मानती हूं कि मुझे 'पुष्पा इंपॉसिबल' में मधुमिता माहेश्वरी जैसा सशक्त किरदार निभाने का अवसर मिला। नए साल में इस किरदार में एक नया आयाम जोड़ा जा रहा है। इसके कुछ ग्रे शेड्स इसे और रियल बनाएंगे। मैं हमेशा कुछ अलग और नया करने में विश्वास करती हूं। मैंने यह महसूस किया है कि कोई भी किरदार, चाहे पॉजिटिव हो या नेगेटिव, अगर उसे पूरी शिद्दत से निभाया जाए, तो बहुत प्रभावशाली हो जाता है। उम्मीद है, जिस तरह अभी तक दर्शकों का 'पुष्पा इंपॉसिबल' को प्यार मिला है, आगे भी मिलता रहेगा।'

**प्रस्तुतिः अंशु सिंह**

## खबर संक्षेप

### कैलाश आश्रम में गीता प्रश्नोत्तरी आयोजित

**रोहतक।** कैलाश आश्रम, मॉडल टाउन में सोमवार को बालकों की गीता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता श्रीमद्भगवद्गीता के 17वें अध्याय (सप्तदश अध्याय) पर आधारित रही, जिसमें लगभग 30 बालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्राची, रेखा, लहर (मिट्ठी), कुशाग्र, भव्या, अव्य व जाह्नवी का दल प्रथम स्थान पर रहा। ऋषभ, हितेन, रियांश, समक्ष व चित्राक्षी का दल द्वितीय तथा अनिरुद्ध, अनुभव, आर्ष, प्रोमिला व अविरल का दल तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता का निर्णय ओम प्रकाश ढल एवं अनीता ने किया।

### शिविर में स्वयंसेवियों को दिए करियर के टिप्स

**रोहतक।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का चौथा दिन उत्साह, अनुशासन एवं प्रेरणादायक गतिविधियों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं लक्ष्य गीत से हुई। हार्टफुलनेस संस्था से रामकुमार दहिया ने स्वयंसेवकों को ध्यान एवं ईश्वरीय शक्ति के महत्व पर मार्गदर्शन देते हुए नियमित ध्यान को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप नैन ने स्वयंसेवकों को नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) में करियर की संभावनाओं तथा अंग्रेज़ी भाषा एवं प्रभावी संचार कौशल के महत्व से अवगत कराया।

### 900 गज भूमि मिलने पर जताया आभार

**रोहतक।** वार्ड-10 स्थित बोहर गांव में प्रजापति समाज को सरकार की ओर से सामाजिक कार्यों के लिए 900 गज भूमि आवंटित किए जाने पर समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस उपलब्धि पर प्रजापति समाज के लोगों ने सोमवार को नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा एवं मेयर रामअवतार वाल्मिकी शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समाजसेवी धर्म सिंह प्रजापति, माटी कला बोर्ड के सदस्य नरेंद्र प्रजापति, जसबीर कुमार, राममेहर आदि मौजूद रहे।

# बाबा लक्ष्मण पुरी की पुण्यतिथि पर गोहाना डेरे पर उमड़ा जन सैलाब

- पुण्यतिथि से पूर्व डेरे में भजन संध्या का आयोजन किया
- कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भक्त और संत पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ऐतिहासिक गोकर्ण तीर्थ के ब्रह्मलीन बाबा लक्ष्मण पुरी की सोमवार को 31 वी पुण्यतिथि गोकर्ण तीर्थ के पीठाधीश्वर एवं जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय सचिव बाबा कमलपुरी के सानिध्य में गोहाना डेरे पर मनाई गई। पुण्यतिथि से पूर्व डेरे में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें रोहतक शहर के अलावा गोहाना सोनीपत राजधानी दिल्ली और हरिद्वार से हजारों की संख्या में भगत जन और संत समाज पहुंचे। साध्वी पूर्णिमा ने भजन संध्या के दौरान भक्तों को नाचने पर विवश कर दिया। घने कोहरे के बावजूद भी पुण्यतिथि पर लोगों का हजूम देखने से ऐसा लगता था जैसे कि मानो गुरु की झलक पाने के लिए जन सैलाब उमड आया हो। भजन संध्या और पुण्यतिथि के अवसर पर डेरा परिसर में सामाजिक संस्कृति और धार्मिक गतिविधियां लोगों का आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पीठाधीश्वर बाबा कमलपुरी महाराज ने कहा कि उनके ब्रह्मलीन गुरु ओम स्वामी लक्ष्मण पुरी जी महाराज का संत का जीवन संत समाज के लिए काफी प्रेरणादायक रहा। वह हमारे बीच में नहीं है लेकिन उनका आशीर्वाद सदैव संत समाज पर बना रहेगा। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन लक्ष्मण पुरी महाराज के सानिध्य में जूना अखाड़े में अहम निर्णय लिए गए जो संत समाज के लिए काफी प्रेरणादायक रहे।



रोहतक। आयोजित शिविर में रक्तदाताओं के साथ जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय सचिव बाबा कमलपुरी व महामंडलेश्वर बाबा करण पुरी महाराज। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। कार्यक्रम में जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय सचिव बाबा कमलपुरी से आशीर्वाद लेते विधायक भारत भूषण बत्रा।

### आयोजन में जनप्रतिनिधि और संत रहे मौजूद

पीठाधीश्वर ने कहा कि वह बड़े सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें ऐसे गुरु की पुण्यतिथि मनाने का आज सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उनके साथ हरिद्वार से आए हुए जूना अखाड़े के अनेक संतों के अलावा रोहतक स्थित डेरा बाबा बालकपुरी धाम के महामंडलेश्वर बाबा करण पुरी महाराज अन्नपूर्णा मंदिर के महामंडलेश्वर बलदेव राज शर्मा उर्फ टीटू के अलावा स्थानीय विधायक भारत भूषण बत्रा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर के बेटे हिमांशु भाजपा नेता सतीश नांदल शहर के जाने-माने समाजसेवी विमल कुमार मिनोचा के अलावा सोनीपत जिले के अनेक प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ हत्याकांड: अब तक केवल 5 आरोपी गिरफ्तार

# परिवार और सर्वखाप पंचायत ने डीजीपी से मिलकर जताई आपत्ति

गंभीर चोटों के कारण रोहित का उपचार पीजीआई में जारी था, लेकिन उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के गांव हमायुंपुर निवासी बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ हत्याकांड को लेकर परिवार और सर्वखाप पंचायत प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी ओपी सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने भिवानी पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए मांग की कि फरार आरोपियों को पीओ (पोश पर्सन) घोषित किया जाए और उनकी संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने प्रशासन को इस मामले में एक हफ्ते का अल्टीमेटम भी दिया। परिवार ने डीजीपी को जानकारी दी कि रोहित धनखड़ अपने मित्र जतिन के साथ 28 नवंबर को भिवानी में उसकी बहन की शादी में शगुन डालने गया था। इस दौरान तिगड़ाना से आई बारात के कुछ युवकों के साथ उनकी कहासुनी हुई। बाद में उन युवकों ने रास्ता रोककर रोहित पर हमला किया। गंभीर चोटों के कारण रोहित का उपचार पीजीआई में जारी था, लेकिन उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भिवानी पुलिस ने अब तक केवल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। आरोपियों को पीओ घोषित नहीं किया गया और उनकी संपत्तियों पर कुर्की की कार्रवाई भी नहीं हुई। परिवार ने स्पष्ट किया कि वे भिवानी पुलिस द्वारा की जा रही जांच से संतुष्ट नहीं हैं। उनका मानना है कि स्थानीय प्रभाव, राजनीतिक दबाव या सामाजिक संरक्षण के कारण जांच धीमी और कमजोर की जा रही है। इस बैठक के दौरान डीजीपी ने आश्वासन दिया कि फरार आरोपियों को पीओ घोषित करने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी । वहीं परिवार और पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि वे प्रशासन की कार्रवाई की निगरानी करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि अपराधियों को बचने का कोई मौका न मिले।



रोहतक। डीजीपी ओपी सिंह से मुलाकात करते गांव हमायुंपुर निवासी बॉडी बिल्डर रोहित धनखड़ का परिवार और सर्वखाप पंचायत प्रतिनिधिमंडल।

### आश्वासन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं

सतीश धनखड़, रोहित के चाचा ने कहा कि सर्वखाप पंचायत ने 22 दिसंबर को मुख्यमंत्री नायब सैनी से भी मुलाकात की थी, जिसमें मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि मामला भिवानी से हटाकर रोहतक जिले की विशेष टीम जैसे सीआईए या एसटीएफ को सौंपा जाएगा। लेकिन अब तक इस आश्वासन पर कोई ठोस प्रशासनिक कार्रवाई नहीं हुई। इससे परिवार और समाज में निराशा व्याप्त है।

### एक हफ्ते के भीतर सभी आरोपी सार्वजनिक किए जाए

प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी को यह भी चेताया कि प्रशासन को अब मामले की गंभीरता को समझते हुए कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक हफ्ते के भीतर शेष 18-20 आरोपी सार्वजनिक किए जाए, उन्हें पीओ घोषित किया जाए और उनकी चल-अचल संपत्तियों पर कुर्की की कार्रवाई शुरू की जाए।

### प्रदेश स्तर की सर्वखाप पंचायत रणनीति तय करेंगी

सतीश धनखड़ ने कहा कि यदि प्रशासन इस समय सीमा में कार्रवाई नहीं करता, तो हम प्रदेश स्तर की सर्वखाप पंचायत बुलाकर आगे की रणनीति तय करेंगे। इस बैठक में बड़े स्तर के निर्णय लिए जा सकते हैं, जिनमें आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सामाजिक दबाव बनाने के विकल्प शामिल होंगे। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी रेखांकित किया कि परिवार का उद्देश्य केवल न्याय पाना है। उन्होंने डीजीपी से अपील की कि मामले की जांच निष्पक्ष, स्वतंत्र और प्रभावी हो। उन्होंने कहा कि रोहित की हत्या ने परिवार और समाज को गहरे सदमे में डाल दिया है और अब तक आरोपियों की धीमी कार्रवाई के कारण न्याय की उम्मीद कमजोर हो रही है।

## न्यूज डायरी



### एसडी पब्लिक स्कूल में विंटर कार्निवल आयोजित

**रोहतक।** एसडी पब्लिक स्कूल भिवानी रोड में विंटर कार्निवल का भव्य, रंगारंग एवं सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग और रचनात्मक गतिविधियों से सराबोर नजर आया। विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आगंतुकों ने इस आयोजन का भरपूर आनंद उठाया। विंटर कार्निवल के दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के मनोरंजन के लिए विविध प्रकार के फूड स्टॉल, रोचक खेल, आकर्षक झूले तथा मनोरंजक गतिविधियों की विशेष व्यवस्था की गई थी। बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया, वहीं अभिभावकों ने भी मेले जैसा आनंद अनुभव किया।



रोहतक। नवनियुक्त अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह धनखड़ के साथ अन्य पूर्व नेतागण।

### वीरेन्द्र सिंह बने पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष

**रोहतक।** ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वैलफेयर एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय बैठक स्थानीय रोडवेज भवन में सम्पन्न हुई, जिसमें प्रदेशभर के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक का संचालन प्रदेश महासचिव सत्यवान शास्त्री ने किया। स्वास्थ्य कारणों से वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष जलकरण बलहारा के त्यागपत्र के बाद पूर्व वरिष्ठ कर्मचारी नेता वीरेन्द्र सिंह धनखड़ को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। प्रवक्ता कृष्ण लाल अरोड़ा ने बताया कि बिजेन्द्र कुमार शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रेम सिंह सैनी को वित्त सचिव और ओमप्रकाश भुक्कल को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह धनखड़ ने सरकार पर सेवानिवृत कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी का आरोप लगाया।



### भैंसवाल कलां में एनएसएस शिविर का समापन

रोहतक। भैंसवाल कलां स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह प्राचार्य श्री राजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्राचार्य ने बताया कि यह शिविर 23 से 29 दिसंबर तक चला, जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के दौरान एनएसएसलक्ष्य गीत, स्वच्छ भारत अभियान, साइबर एवं डिजिटल सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक प्रबंधन, जल संरक्षण तथा नशा मुक्त भारत जैसे विषयों पर व्याख्यान, रैलियों और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से भी सामाजिक संदेश दिया गया।

### दुहन पब्लिक स्कूल में मनाया क्रिसमस डे

रोहतक। गोहाना रोड स्थित दुहन पब्लिक स्कूल में क्रिसमस डे ईसा मसीह के जन्मदिवस के रूप में बड़े हर्षोल्लास एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, क्रिसमस ट्री और आकर्षक रोशनी से सुसज्जित किया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय बन गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्या अनु राणा ने कहा कि 25 दिसंबर को पूरी दुनिया में क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन ईसा मसीह का जन्म हुआ था। उन्होंने विद्यार्थियों को ईसा मसीह के आदर्शों—प्रेम, करुणा और सेवा—को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य एवं लघु प्रस्तुतियों के माध्यम से समां बांध दिया। कई बच्चे सांता क्लॉज की वेशभूषा में नजर आए, जिन्होंने टॉफियां और उपहार वितरित कर सभी का मन मोह लिया।



रोहतक। जनता कॉलोनी में वैश्य व्यायामशाला गौशाला में कंबल वितरण करते मुख्य अतिथि बाबा गुलाब पुरी,बालाजी युवा सेवा समिति के संस्थापक लाल प्रेम पाल गोयल व समिति प्रधान संजय गोयल व सुभाष तायल।

### बालाजी युवा सेवा समिति ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**रोहतक।** बढ़ती ठंड को देखते हुए बालाजी युवा सेवा समिति द्वारा वैश्य व्यायामशाला गौशाला, जनता कॉलोनी में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति यह सेवा कार्य पिछले 15 वर्षों से निरंतर करती आ रही है। कार्यक्रम में बाबा गुलाब पुरी विशेष रूप से आशीर्वाद देने पहुंचे।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति के संस्थापक लाल प्रेम पाल गोयल एवं उनकी पत्नी निर्मला गोयल रहे। मुख्य अतिथियों का स्वागत नवनीत गुप्ता, पुष्पेंद्र एवं पिंकी जैन द्वारा फूल-मालाओं से किया गया। बाबा गुलाबपुरी ने ज्योत प्रचंड कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनका स्वागत समिति प्रधान संजय गोयल व सुभाष तायल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल वैश्य समाज जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष सुभाष तायल ने की। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा किया जा रहा यह कार्य अत्यंत पुण्य का है और समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि समिति भविष्य में भी इसी तरह सेवा कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर समिति प्रधान संजय गोयल, हरिओम बंसल, अशोक, प्रवीण, सौरभ, नवनीत, दीपक, राजेश, बालकिशन, पुष्पेंद्र, कुलदीप, गोविंदराम सिंघल, हरि प्रकाश, सुनील बिल्लू, पिंकी, पूनम, अंजलि सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# आरपीएस में क्लेट व एलेट टॉपर्स का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान रखने वाले आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में सोमवार को 'शिखर' सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर की विधि प्रवेश परीक्षाओं क्लेट एवं एलेट 2026 में ऐतिहासिक सफलता दर्ज करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में राजस्थान न्यायिक सेवा की अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश आंचल अग्रवाल मुख्यातिथि थे, वहीं अध्यक्षता आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने की। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव व डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने भी बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यातिथि डिस्ट्रिक्ट एन्ड सेशन जज आंचल अग्रवाल ने कहा कि न्यायपालिका केवल एक करियर नहीं, बल्कि समाज की सेवा और संविधान की रक्षा करने का एक सशक्त माध्यम है। आज आरपीएस के इन बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर जो सफलता प्राप्त की है, वह उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने भविष्य के वकीलों और जजों को ईमानदारी और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस ग्रुप ने एकबार फिर साबित कर दिया है कि यहां की शिक्षा पद्धति राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 101 से अधिक विद्यार्थियों ने क्लेट क्वालीफाई किया है, जिसमें कृष्ण कुमार ने अपनी कैटेगरी में एआईआर-1 प्राप्त कर विद्यालय का नाम पूरे देश में रोशन किया है। इसके साथ ही पीयूष ने भी हरियाणा रैंक-1, महक एआईआर-3, एलेट और स्पंदन एआईआर-27 एलेट जैसी उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं। इसके अलावा क्लेट में अक्षिता रैंक, ऋषभ रैंक, महक रैंक, ज्योति रैंक 2, श्रेयसी रैंक, नव्या रैंक 4, श्रेया कम्बोज रैंक 7, कुसुमलता रैंक, अंशु रैंक 10, पीयूष रैंक 11, शिखा रैंक 12, लक्षिता रैंक 13, प्रतीक्षा रैंक 19, उषा रैंक 21, वल्लिका रैंक 23, प्राशी गुप्ता रैंक 26, वैभवी सुरेरिया रैंक 28, माही राव रैंक 32, स्पंदन रैंक 33, हंशिका रैंक 38 प्राप्त कर विद्यालय में क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



महेंद्रगढ़। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सम्मान से खिले मेधावियों के चेहरे

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने टॉपर्स और क्वालीफायर्स को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि शिखर कार्यक्रम उन सपनों का उत्सव है, जो विद्यार्थियों ने खुली आंखों से देखे थे। आरपीएस परिवार अपने विद्यार्थियों को केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है।

# मॉडल स्कूल के वार्षिक उत्सव में छात्रों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

- बच्चों में पुरस्कार पाकर विशेष उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कस्बा सांपला के बेरी रोड स्थित मॉडल स्कूल वार्षिक उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। मुख्य अतिथि मॉडल स्कूल एजुकेशन सोसाइटी के सेक्रेटरी राजेश कुमार सहगल और राम अवतार गुप्ता रहे। मॉडल स्कूल मुख्य शाखा की प्रधानाचार्या अरुणा तनेजा, मॉडल स्कूल रोहतक सेक्टर-4 शाखा की प्रधानाचार्या रितु मदान एवं मॉडल स्कूल महम शाखा के प्रधानाचार्य हिमांशु विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वार्षिक उत्सव के दौरान पिछले सत्र की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही, गत वर्ष के कक्षा टॉपर्स को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। बच्चों में पुरस्कार पाकर विशेष उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। कार्यक्रम के अंतर्गत एक भव्य प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान, गणित, आईटी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषयों से संबंधित विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए आकर्षक मॉडल प्रदर्शित किए।



रोहतक। वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथिमॉडल स्कूल एजुकेशन सोसाइटी के सेक्रेटरी राजेश कुमार सहगल और राम अवतार गुप्ता।

# एमडीयू में शिक्षक भर्ती को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानन्द विवि में लंबे समय से लंबित शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया को लेकर शिक्षक समुदाय ने गहरी चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने हरियाणा के राज्यपाल एवं एमडीयू के कुलाधिपति के नाम डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. सी. मलिक को एक ज्ञापन सौंपते हुए भर्ती प्रक्रिया को तत्काल, निर्बाध और समयबद्ध रूप से पूरा कराने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि विवि में पिछले लगभग एक दशक से नियमित शिक्षकों की पर्याप्त भर्ती नहीं हुई है। इसके परिणामस्वरूप सहायक प्राध्यापक, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के लगभग 200 स्वीकृत पद विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े हैं। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में 800 से अधिक गैर-शिक्षिक्षणिक पद भी वर्षों से खाली पड़े हैं, जिससे प्रशासन, परीक्षा व्यवस्था, छात्र सेवाएं और रोजमर्रा का कामकाज प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन के दौरान पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकों के हस्ताक्षर हैं, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. शमशेर सिंह (यूआईईटी), डॉ. संजय नांदल (इमसार), डॉ. अश्विनी धींगड़ा (यूआईईटी), डॉ. कामना सोलंकी (यूआईईटी), डॉ. राजकुमार (यूआईईटी), डॉ. दीपक छाबड़ा (यूआईईटी), डॉ. सुरेंद्र दहिया (विधि विभाग), डॉ. अनूप कुमार (आईएचटीएम), डॉ. सुमेघ (आईएचटीएम), डॉ. शिल्पी (आईएचटीएम), डॉ. ज्योति (आईएचटीएम), डॉ. गोल्डी पूरी (आईएचटीएम), डॉ. नीरू राठी (शिक्षा विभाग), डॉ. नेत्र पाल सिंह (सीबीटी) और डॉ. विकास हुड्डा (सीबीटी) शामिल हैं।

### सुपर मैक्स मेगा स्टेजक्राफ्ट 2025 का आयोजन 30 को अंबाला में



**रोहतक।** 2025 को अलविदा कहने और 2026 का स्वागत करने के लिए अम्बाला शहर के पुलिस ऑडिटोरियम में 30 दिसम्बर को सांय चार बजे एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम सुपर मैक्स मेगा स्टेजक्राफ्ट 2025 का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा व चंडीगढ़ के वरिष्ठ कलाकारों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन कला एवं संस्कृति को समर्पित कलाकारों के ग्रुप पीएमजी की ओर से हरियाणा कला परिषद के सहयोग से किया जा रहा है। इस बारे में विस्तृत जानकारी वरिष्ठतम रंगकर्मी विश्व दीपक त्रिखा ने दी।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
Nursing Staff 4
ICU Staff 6
PRO/Marketing Executive 6
Ward Boy 2
Gate Keeper 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडि्डयों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज फ्री
ECHS
- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

## खबर संक्षेप

### गरीब परिवार की बेटी की शादी में किया सहयोग

**रोहतक।** जन सेवा संस्थान द्वारा एक और सराहनीय पहल करते हुए एक अत्यंत गरीब परिवार की बेटी की शादी में सहयोग प्रदान किया गया। संस्थान ने न केवल विवाह के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई, बल्कि विवाह की अन्य व्यवस्थाओं में भी परिवार की हरसंभव मदद की। जन सेवा संस्थान द्वारा सामग्री, वस्त्र, बर्तन, बेड, गद्दे, मेज, चद्दर, कम्बल, दो घडी, ज्वेलरी में 1 जोड़ी पायजेब, 2 सेट चुटकी, 1 सेट कानो की बाली, मंगलसूत्र, सिंगारदानी, महिला पर्स, जोड़ी चप्पल, जेन्ट्स रिंग, कलाई घड़ी, सिलाई मशीन आदि का योगदान दिया।

### आपसी विवादों से भाईचारे से निपटा रहे

**रोहतक।** सामुदायिक समन्वय शाखा (सीएलजी) जिला रोहतक द्वारा पारिवारिक व सामाजिक विवादों का आपसी भाईचारे के माध्यम से सफल निपटारा किया जा रहा है। सामुदायिक समन्वय समूह के नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रवि खुंडिया हैं। शाखा के सक्रिय सदस्यों सुभाष गुप्ता एवं रोहताश सिंह अहलावत (सेवानिवृत्त डीएसपी) के अथक प्रयासों से समाज में सौहार्द और भाईचारे की भावना को मजबूत किया जा रहा है।

### 'विरासत–ए–शहादत" कार्यक्रम संपन्न

**रोहतक।** सेवार्थ सोशल वेलफेयर सोसाइटी एवं कमलेश सेवार्थ फाउंडेशन द्वारा राजेश जैन, एमडी एलपीएस बोसॉर्ड की अध्यक्षता में आयोजित ऐतिहासिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विरासत–ए–शहादत अत्यंत श्रद्धा, गरिमा एवं व्यापक जनसहभागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन सिख इतिहास के महान बलिदानों, सेवा और मानवता के उच्च मूल्यों को समर्पित रहा।

# अलविदा 2025: सड़कों पर बिखरे सपने
# इस साल हादसों में दम तोड़ गईं कई जिंदगियां

*यह साल रोहतक की सड़कों पर कई गहरे 'जख्म' छोड़ गया। एक्सप्रेस-वे पर रफ्तार के कारण न जाने कितने घरों के चिराग बुझ गए और कई जिंदगियों ने सड़कों पर ही सिसक-सिसक कर दम तोड़ दिया। कहीं, पिता की लाश सड़क पर पड़ी मिली, तो कहीं मां की गोद सूनी हो गई। पेश है सड़क हादसों पर इस साल की रिपोर्ट...।*

नीरज वर्मा ▶▶ रोहतक

साल 2025 विदा ले रहा है, लेकिन जाते-जाते रोहतक की सड़कों पर कई ऐसे जख्म छोड़ गया है, जिन्हें भरने में बरसों लगेंगे। यह साल विकास, एक्सप्रेस-वे और रफ्तार का साल तो रहा, लेकिन इसी रफ्तार ने न जाने कितने घरों के चिराग बुझा दिए। कहीं पिता की लाश सड़क पर पड़ी मिली, तो कहीं मां की गोद हमेशा के लिए सूनी हो गई। कहीं भाई दूज की खुशियां मातम में बदल गईं, तो कहीं स्कूल जाते बच्चों की हंसी खामोशी में बदल गई। 152-डी एक्सप्रेस-वे, नेशनल हाईवे, ग्रामीण सड़कें और बाइपास रोहतक जिले का शायद ही कोई ऐसा इलाका बचा हो, जहां 2025 में सड़क हादसे ने दस्तक न दी हो। यह केवल आंकड़ों का साल नहीं था, बल्कि टूटे सपनों, अधूरी कहानियों और रोते बिलखते परिवारों का साल रहा। वहीं एक साल में करीब 350 हादसे हुए। इनमें सैकड़ों लोगों की जान गई। जबकि कई लोग घायल हो गए।


रोहतक। आपस में भिड़े वाहन। (फाइल फोटो)


रोहतक। हादसे में घायल मरीज। (फाइल फोटो)


रोहतक। 152 डी पर भिड़े वाहन। (फाइल फोटो)

### रफ्तार की सड़क या मौत का रास्ता

रोहतक से गुजरने वाला 152-डी एक्सप्रेस-वे जिले के लिए तरक्की की पहचान माना गया था, लेकिन 2025 में यह सड़क बार-बार मौत की वजह बनी। नवंबर 2025 में गांव बसाना और कलानौर के बीच खड़े ट्रक से एक कार जा टकराई। इस हादसे में गांव गुढ़ान निवासी विजय, उनकी पत्नी सरिता और 12 वर्षीय बेटा दिग्विजय की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार भाई दूज का त्योहार मना कर जींद से लौट रहा था। बहनों ने भाई को टीका लगाया था, दीर्घायु की कामना की थी, लेकिन कुछ ही घंटों बाद वही भाई, वही माता-पिता हमेशा के लिए खामोश हो गए। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि तीनों शव कार में बुरी तरह फंस गए थे। पुलिस और राहगीरों को शव निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कार के परखच्चे उड़ चुके थे। यह हादसा केवल एक परिवार की कहानी नहीं था, बल्कि एक्सप्रेस-वे पर खड़े भारी वाहनों और कमजोर ट्रैफिक प्रबंधन की पोल खोलने वाला हादसा था।

### एक शिक्षक, एक पिता, एक बेटा, सब खत्म हो गया

विजय गांव निगाना के सरकारी स्कूल में अध्यापक थे। दो बेटियां और एक बेटा—तीनों पढ़ाई कर रहे थे। बेटियां जींद में, बेटा गांव में। दीपावली और भाई दूज पर परिवार एक साथ हुआ, लेकिन यह मिलन अंतिम साबित हुआ। आज भी गांव गुढ़ान में जब लोग 152-डी एक्सप्रेस-वे का नाम लेते हैं, तो विजय और उसके परिवार की तस्वीर आंखों के सामने आ जाती है।

### मोबाइल, इयरफोन और एक पल की चूक

गांव लाहली के पास हुआ हादसा इस बात की याद दिलाता है कि आधुनिक तकनीक कब जानलेवा बन जाए, कहा नहीं जा सकता। भिवानी निवासी 35 वर्षीय अमरदेव, जो पेशे से कैमरा मैकेनिक था, रोज की तरह बाइक से सांपला जा रहा था। बाइक के हैंडल पर मोबाइल लगा था, कानों में इयरफोन थे और आंखें लोकेशन पर टिकी थीं। इसी दौरान ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को ओवरटेक करते समय वह ट्राली की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अमरदेव की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सामने से वाहन आ जाने के कारण बाइक ट्रैक्टर और ट्राली के बीच फंस गई। सड़क पर मोबाइल और इयरफोन केवल ध्यान भटकाते नहीं, बल्कि जान भी ले लेते हैं।

### 10 साल की अंशिका: जो स्कूल नहीं, मौत की ओर चली गई

2 दिसंबर 2025 को थाना सदर क्षेत्र में हुई एक दुर्घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। गांव खिड़वाली निवासी प्रेम चंद्र अपनी 10 वर्षीय बेटी अंशिका को स्कूटी पर लेकर रोहतक जा रहे थे। सुंदरपुर और रोहतक के बीच दर्शन योग महाविद्यालय के पास तेज रफ्तार पिकअप डाला ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। अंशिका की मौके पर ही मौत हो गई। पिता घायल अवस्था में बेटी को उठाकर रोता रहा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। जिस बच्ची को स्कूल की कॉपी पकड़नी थी, उसके हाथों में मौत आ गई।

### स्कूल बसें टकराईं कांप गए मां-बाप

30 नवंबर 2025 को लाखनमाजरा बाईपास पर दो स्कूल बसों की टक्कर ने सैकड़ों अभिभावकों की धड़कने बढ़ा दी। सुबह स्कूल जाते बच्चों से भरी बसें आपस में टकरा गईं। एक बस पलट गई, दूसरी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में 6-7 बच्चे घायल हुए। सौभाग्य से कोई जान नहीं गई, लेकिन बच्चों की चीखें और रोते हुए अभिभावकों का मंजर देर तक लोगों के जेहन में रहा। यह हादसा स्कूल बसों की सुरक्षा, बाईपास पर कट और ट्रैफिक व्यवस्था पर बड़े सवाल छोड़ गया।

### हर हादसे के पीछे वही सवाल

2025 में हुए हादसों के पीछे कारण अलग-अलग थे, लेकिन सवाल वही रहे कि एक्सप्रेस-वे पर खड़े ट्रकों पर रोक क्यों नहीं, रात के समय रिफ्लेक्टर और चेतावनी संकेत क्यों नहीं, ओवरस्पीडिंग और लापरवाही पर सख्ती क्यों नहीं, मोबाइल और इयरफोन के इस्तेमाल पर जागरूकता क्यों नहीं है। हर हादसे के बाद पुलिस जांच करती है, एफआईआर दर्ज होती है, लेकिन कुछ दिनों बाद सब कुछ ठंडा पड़ जाता है। पीड़ित परिवार जिंदगी भर उस एक पल को भूल नहीं पाते।

**महम में भिड़े थे 50 वाहन**

महम एरिया में हाइवे पर कोहरे के कारण 50 से अधिक वाहन आपस में भिड़ गए थे। यह उस दिन का सबसे बड़ा हादसा माना गया था। कोहरे में तेज वाहन चलाने की वजह से हादसे हुए। जिनमें दो लोगों की मौत हो गई जबकि कई घायल हुए थे।

**ये है जमीनी हकीकत**

जमीनी हकीकत यह है कि हाईवे पर भारी वाहन बेधड़क खड़े रहते हैं, ग्रामीण सड़कों पर रोशनी का अभाव है, बाईपास और कटों पर कोई नियंत्रण नहीं, हेलमेट और सीटबेल्ट आज भी नजरअंदाज किए जाते हैं।

## एनएसएस कैंप के छठे दिन स्वयंसेवकों ने किया एफडीडीआई का शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पठानिया पब्लिक स्कूल में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कैंप के छठे दिन स्वयंसेवकों ने एफडीडीआई का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कौशल आधारित शिक्षा, आधुनिक तकनीक तथा व्यावसायिक अवसरों से परिचित कराना रहा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने एफडीडीआई में संचालित विभिन्न स्किल एवं प्रोफेशनल कोर्सों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

फैशन डिजाइन विभाग के एचओडी डॉ. अंशुल शर्मा ने अपने प्रेरक व्याख्यान में फैशन डिजाइनिंग व फुटवियर डिजाइनिंग के क्षेत्र में उपलब्ध करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थी न केवल रोजगार प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि स्वयं का व्यवसाय भी शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

### विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

इस अवसर पर संदीप सराय एवं डॉ. केडी पांडे ने संस्थान की कार्यप्रणाली, पाठ्यक्रम संरचना, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं तथा प्रशिक्षण व्यवस्था की जानकारी दी और विद्यार्थियों को पूरे परिसर का भ्रमण कराया। यह शैक्षणिक भ्रमण एनएसएस यूनिट-1 के अध्यक्ष मोहन लाल एवं यूनिट-2 की अध्यक्ष नीतू शेट्टी के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। स्कूल को-फाउंडर वर्षा पठानिया, निदेशक अंशुल पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा तथा समन्वयक आलोक हुड्डा ने विद्यार्थियों को इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। इस भ्रमण से विद्यार्थियों को कौशल विकास, आत्मनिर्भरता एवं व्यावसायिक शिक्षा के महत्व को समझने का महत्वपूर्ण अवसर मिला, जो उनके भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।

## नर्सिंग छात्राओं के पक्ष में आंदोलन करेगी इनेलो

**रोहतक।** इंडियन नेशनल लोकदल पदाधिकारियों की अहम बैठक सोमवार को शहरी जिला अध्यक्ष राकेश सहगल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में सड़क पर उतर कर जन आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ते अपराध के लिए सरकार जिम्मेदार है। आज प्रदेश में पूरी तरह से जंगल राज हो चुका है। राकेश सहगल ने कहा कि नर्सिंग छात्राओं द्वारा यौन शोषण करने के लगाए गए आरोप गंभीर हैं, लेकिन सरकार मामले की जांच नहीं कर मामले को दबाने में लगी है। उन्होंने कहा कि इनेलो पार्टी नर्सिंग छात्रों के साथ है, अगर सरकार ने इस मामले में छात्राओं को न्याय नहीं दिया तो इनेलो सड़कों पर उतरने पर मजबूर होगी। इस अवसर पर कृष्ण कौशिक, अरविंद गोस्वामी, बल्लू प्रधान खेडी साध, रणबीर हुड्डा, सुधीर मलिक, संदीप नेहरा, विश्वास, गौरव हुड्डा, सतीश दलाल, विरेन्द्र नांदल, सतीश नांदल रिठाल, राजबीर वाल्मीकि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## स्वर्गीय कृष्णावीर मायना की 24वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सोमवार को वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय कृष्णवीर मायना, पूर्व प्रभारी उत्तर प्रदेश एवं पंजाब युवा कांग्रेस की 24वीं पुण्यतिथि छोटू राम पार्क स्थित धर्मशाला में जन अधिकार रक्षक एवं स्वर्गीय कृष्णवीर मायना समाज कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी कर्मवीर मायना, निदेशक केवीएम शिक्षण संस्थान रहे।

जन अधिकार रक्षक के प्रधान संपादक रणवीर आर्य ने स्वर्गीय कृष्णवीर मायना के सामाजिक जीवन, संघर्षों और जनसेवा को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। ट्रस्ट के प्रधान सुरेश राणा ने जानकारी दी कि प्रातः स्वर्गीय कृष्णवीर मायना की प्रतिमा स्थल पर हवन का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात छोटू राम धर्मशाला में शहीदी दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न संस्थाओं से महिला व पुरुषों ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक वर्ष 29 दिसंबर को जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरण, दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, बालिकाओं को स्कूल ड्रेस, रक्तदान शिविर तथा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष सम्मान प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं, बुजुर्गों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने स्वर्गीय कृष्णवीर मायना की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर रोहतक नगर निगम के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, पूर्व डिप्टी मेयर राजू सहगल, पूर्व एक्सईएन धर्मवीर दहिया सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने अपने विचार व्यक्त किए।

## एचडी पब्लिक स्कूल बालंद में 15वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एचडी पब्लिक स्कूल बालंद में 15वां वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास, उत्साह एवं भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भीम सिंह पवार, प्राचार्य सैनी कॉलेज रहे, जबकि गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में जिला प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी (डीईईओ) दलजीत सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, लघु नाटिका, मोनोलॉग एवं योग प्रदर्शन के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की आकर्षक प्रस्तुति 'टुकुर-टुकुर', चेयर डांस व लिलिपुट डांस कार्यक्रम के विशेष आकर्षण रहे। भगवान श्रीराम की महिमा पर आधारित 'केसरी के लाल' प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। हरियाणवी व पंजाबी नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया।




### विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए

सोशल मीडिया के प्रभाव पर आधारित नाटिका 'चौथा बंदर' तथा संविधान की महत्ता को दर्शाता मोनोलॉग 'मैं संविधान हूं' दर्शकों को सोचने पर विवश करता नजर आया। देशभक्ति व सामाजिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान की। समारोह के दौरान शैक्षणिक, सांस्कृतिक व खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री भीम सिंह पवार व गेस्ट ऑफ ऑनर दलजीत सिंह ने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय चेयरमैन जयपाल सिंह सिगरोहा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भारत एडवांस इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी में तेजी से आगे बढ़ रहा : राजेश


रोहतक। जैन स्कूल परिसर में स्थापित 40 केवी सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन,यू.पी.एस. के डायरेक्टर विजय जैन व प्रधान रवि जैन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

माता दरवाजा स्थित जैन पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह "अतुल्य भारत" हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान स्वामी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन व संध्या जैन रहे। विशिष्ट अतिथियों में यू.पी.एस. के डायरेक्टर विजय जैन, जैन सभा प्रधान रवि जैन, महामंत्री मनीष जैन, उपप्रधान अतुल जैन लोहिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षा व खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर, स्वच्छ भारत व विकसित भारत थीम पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि राजेश जैन ने स्कूल परिसर में स्थापित 40 केवी सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारत एडवांस इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी में तेजी से आगे बढ़ रहा है और विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के साथ पर्यावरण संरक्षण व जैविक खेती को अपनाना चाहिए।

## एचडी पब्लिक स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे: दादा-दादी बने संस्कारों के सजीव गुरु




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बहुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल के प्री-प्राइमरी विंग में ग्रैंडपेरेंट्स डे का आयोजन अत्यंत भावनात्मक, गरिमामय और आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में दादा-दादी एवं नाना-नानी के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उदय सिंह फोगाट, डिप्टी एक्साइज एवं टैक्सेशन कमिश्नर उपस्थित रहे। उनके साथ विद्यालय निदेशक सुरेंद्र सिंह फोगाट एवं अकादमिक निदेशक कृष्णा फोगाट भी मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि ने दादा-दादी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भावपूर्ण पंक्तियों के माध्यम से उन्हें ईश्वर का सजीव आशीर्वाद बताया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गीत, नृत्य, कविताओं एवं संवादों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दादा-दादी व नाना-नानी ने भावविभोर होकर सराहा। इस अवसर पर वरिष्ठजनों के लिए विशेष खेलों व गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें उनकी उत्साहपूर्ण भागीदारी ने कार्यक्रम को और जीवंत बना दिया। अकादमिक निदेशक कृष्णा फोगाट ने कहा कि दादा-दादी का अनुभव बच्चों के जीवन में मार्गदर्शक दीपक के समान होता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, विनम्रता और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने वाला सिद्ध हुआ।


रोहतक। साप्ताहिक परेड का में भाग लेते पुलिस अधिकारी व जवान।

## पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का किया आयोजन

**रोहतक।** पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। परेड में जिले के सभी थाना व चौकी, पुलिस कार्यालयों तथा जिला में तैनात पुलिस जवानों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रभारी थाना अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे। परेड के दौरान रोहतक पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था की विकट परिस्थितियों से निपटने के लिए लॉ एंड ऑर्डर कंपनी को विशेष अभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान जवानों को दंगा नियंत्रण उपकरणों के प्रयोग, भीड़ नियंत्रण तथा आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। अधिकारियों ने जवानों की फिटनेस, अनुशासन एवं परेड ड्रिल का भी निरीक्षण किया। जिला पुलिस ने स्पष्ट किया कि रोहतक पुलिस हर प्रकार की विषम एवं आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है।

### जल्द शुरू होगी नाइट रोड स्वीपिंग : आयुक्त
# सातों चौकों का होगा सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम नए साल में शहर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में कई अहम योजनाओं को अमलीजामा पहनाने जा रहा है। इनमें सात प्रमुख चौकों का सौंदर्यीकरण, नाइट रोड स्वीपिंग, वैज्ञानिक कूड़ा निस्तारण के साथ-साथ अब पशु शवों के निपटान के लिए सोलर-पावर्ड इंसीनरेटर प्लांट की स्थापना भी शामिल है।

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने यह जानकारी सोमवार को हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट द्वारा आयोजित मीट द प्रेस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दी। उन्होंने मीडिया और आमजन से नगर निगम की स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण मुहिम में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में पहुंचने पर यूनियन के


रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते हुए नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा।

प्रदेशाध्यक्ष मनमोहन कथूरिया ने आयुक्त का स्वागत किया, जबकि यूनियन के कोषाध्यक्ष लोकेश जैन ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया।

डॉ. शर्मा ने बताया कि शहर में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण का कार्य पूरी क्षमता से चल रहा है, जिसके लिए करीब 200 वाहन तैनात किए गए हैं और कूड़े का निस्तारण वैज्ञानिक तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी से रोड स्वीपिंग की शुरुआत की जाएगी, जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया प्रगति पर है। इसके तहत सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सड़कों की सफाई करेंगे। साथ ही बाजारों से रात के समय कूड़ा उठाने के लिए नाइट स्वीपिंग व्यवस्था लागू की जाएगी। आयुक्त ने बताया कि शहर के कूड़ा डंपिंग प्वाइंट्स को कवर किया जाएगा ताकि सड़कों पर कूड़ा नजर न आए। सुपर सकर मशीन का वर्क ऑर्डर जारी हो चुका है और नालों की सफाई का कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके अलावा रोहतक के सात प्रमुख चौकों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, जिनमें से चार चौक एक माह में तैयार हो जाएंगे, जबकि शेष तीन अगले एक माह में पूरे कर लिए जाएंगे।

### नगर निगम सोलर इंसीनेरेटर योजना

इस अवसर पर आयुक्त ने एक महत्वपूर्ण पर्यावरण-अनुकूल पहल की जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम पशु शवों के निस्तारण के लिए सोलर-पावर्ड इंसीनरेटर प्लांट स्थापित करने जा रहा है। इसके लिए लगभग 2.55 करोड़ रुपये की लागत से टेंडर जारी किया गया है। यह परियोजना जल्द ही क्रियान्वित कर दी जाएगी। जिसमें ट्रायल रन और स्टाफ प्रशिक्षण भी शामिल होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नगर निगम द्वारा पशु शव को निर्धारित स्थल पर दफन किया जाता है। आयुक्त डॉ. शर्मा ने कहा कि सोलर-पावर्ड इंसीनरेटर प्लांट से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था भी और अधिक आधुनिक व प्रभावी बनेगी। उन्होंने और कई महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी।